# एकल संदेश

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
24वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

IQCS IRQAO
Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

अप्रैल - जून, 2024


## भारत लोक शिक्षा परिषद् परिवार समन्वय सम्मेलन (8 & 9 जून 2024)




भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तर भारत में एकल विद्यालय के माध्यम से सामाजिक उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर सेवारत है। भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा 8 & 9 जून 2024 को, दा रिट्रीट रिसोर्ट, अलीपुर, दिल्ली में "परिवार समन्वय सम्मेलन" का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम संगठन एवं नगर संगठन के मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित करना एवं एकरूपता लाना था। परिवार समन्वय सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु - संपर्क, संगठन, समन्वय एवं गुणवत्ता थी। जिसमें अंचल प्रभारी एवं अंचल समिति के मध्य समन्वय, अंचल प्रभारी एवं अंचल समिति का दायित्व, अंचल प्रभारी योजना का उद्देश्य एवं प्रभाव, विद्यालय की गुणवत्ता, विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट, नगर एवं ग्राम संगठन में समरसता, विद्यालय की नियमित एवं सकारात्मक रिपोर्टिंग, अंचल की रिपोर्टिंग में गुणात्मक सुधार, दूर दराज एवं वनवासी गांव का समग्र विकास, साक्षरता, आर्थिक विकास और सशक्तिकरण, पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने सहित कई अन्य प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**उद्घाटन सत्र -**

गणेश वंदना, भजन, राष्ट्रप्रेम के गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ "परिवार समन्वय सम्मेलन" कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ, इसके बाद एकल सुर ताल की टीम, महिला विभाग एवं युवा विभाग ने मिलकर एकल गीत गाया।






**श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय प्रधान BLSP**

**राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी** ने आये हुए सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया, उन्होंने कहा कि एकल अभियान द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए जो कार्य किया जा रहा है उसके लिए इतनी बड़ी संख्या में नगर एवं ग्राम संगठन के लोग उपस्थित हुए, यह संगठन की मजबूती का सबसे बड़ा आधार है।

**राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी** ने BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन में अंचल प्रभारी योजना के बारे में पीपीटी के माध्यम से अंचल प्रभारी योजना का उद्देश्य, अंचल प्रभारी दायित्व, नगर एवं ग्राम संगठन के मध्य समन्वय, विद्यालय की गुणवत्ता, दानदाताओं के लिए विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट, अंचल की मासिक रिपोर्ट की समीक्षा, अंचल समिति दायित्व, अंचल प्रभारी एवं अंचल समिति सदस्य, अंचल प्रभारी योजना का प्रभाव, दानदाताओं को गांवों में एकल पंचमुखी शिक्षा से आयी प्रगति रिपोर्ट, SPR, VDR, MAR, MWR, इम्पैक्ट स्टोरी सहित कई अन्य प्रमुख विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

अंचल समिति के दायित्व एवं कार्यक्षेत्र के बारे में उन्होंने बताया कि समितियों को अंचल एवं संच की बैठकों में भाग लेना चाहिए, अपने क्षेत्र में नियमित प्रवास और विद्यालयों की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए प्रयास करना चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।




**श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय महामंत्री BLSP**



**श्री दीप कुमार जी**
**(केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख, एकल अभियान)**

**केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार जी** ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और समिति के कार्य, जिम्मेदारी के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के इस प्रयोजन में हम सबको एक साथ मिलकर कार्य करना है तभी संगठन के मूल उद्देश्य को पूर्ण किया जा सकता है, इस संगठन की तीन महत्वपूर्ण कड़ी हैं, नगर संगठन, ग्राम संगठन और सेवाव्रती कार्यकर्त्ता, इन तीनों में जबतक बेहतर समन्वय नहीं होगा, संगठन के लक्ष्य को पूर्ण करने में कठिनाई आएगी और इसी कठिनाई को दूर करने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा परिवार समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। हमें यह समझने की जरुरत है कि जो दायित्व हमें दिया गया है क्या हम अपने दायित्व के प्रति गंभीर हैं, गंभीरता और समर्पण ये दोनों गुण यदि हमारे पास हैं तो गुणवत्ता में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

**एकल अभियान के केंद्रीय संगठन प्रभारी, श्री माधवेंद्र सिंह जी** ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इस राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना है अर्थात् भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। एकल अभियान ने निश्चय किया है कि हमें राम जी की सेना का सैनिक बनकर राम राज्य लाना है एकल की कार्यशैली से यही निश्चित होता है। बंधुओं, नगर संगठन, ग्राम संगठन एवं सेवाव्रती कार्यकर्ताओं का आपसी समन्वय यदि आत्मीयता के साथ विकसित हो तो निश्चित रूप से यह जोड़ अटूट होगा। हमें अपने अन्दर सैन्य भाव जगाना होगा, तभी हम राष्ट्र निर्माण के इस लक्ष्य को पूर्णरूप से हासिल करने में सफल हो सकते हैं।



**श्री माधवेंद्र सिंह जी**
**(केंद्रीय संगठन प्रभारी, एकल अभियान)**



**श्री राजेश गोयल जी**
**(केंद्रीय अभियान प्रभारी, एकल अभियान)**

**एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी** ने अपने उद्बोधन में कहा कि नियम बनाना तो आसान है लेकिन उसे जमीनी स्तर पर लागू करना बहुत कठिन है, जो कि बहुत जरुरी है। जबतक हम प्रत्येक व्यक्ति की जबावदेही तय नही करेंगे तबतक हम अपने लक्ष्य को पूर्ण रूप से नही प्राप्त कर सकते हैं। BLSP द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम और प्रभारी योजना बहुत अच्छी पहल है, निश्चित रूप से इसका सकारात्मक प्रभाव संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगा। इस आयोजन के लिए उन्होंने भारत लोक शिक्षा परिषद् टीम को बधाईयां एवं शुभकामनाएं भी दीं।

# संभागों द्वारा "समन्वय और विद्यालय गुणवत्ता के विभिन्न बिन्दुओं" पर गटशः चर्चा

**BLSP परिवार समन्वय सम्मेलन संभागशः बैठकों के निर्णय बिंदु निम्नलिखित हैं : -**

## समन्वय

### परस्पर संवाद

- नगर संगठन एवं ग्राम संगठन के बीच नियमित वार्तालाप
- चैप्टर प्रभारी का अंचल की मासिक बैठकों में प्रत्यक्ष या ऑनलाइन उपस्थित होना
- नगर एवं ग्राम संगठन की कोर टीम का WhatsApp ग्रुप बने

### पदोस्पान अनुसार वार्ता क्रम

- इसमें सभी को जो एकल का क्रम है / पद हैं, उनके कार्यभार के अनुसार ही वार्ता एवं कार्य करना
- संभाग समिति प्रभाग समिति से बात करेंगे, अंचल समिति वाले संभाग समिति से, संच समिति वाले अंचल समिति से, ताकि सभी अपने दायित्व के अनुसार काम कर सकें
- संभाग/अंचल समिति सदस्य को अपनी सभी बैठकों/वर्गों में भाग लेना चाहिए
- निर्णय टोली को ही निर्णय लेने का अधिकार है, सुझाव कोई भी कार्यकर्ता ले/दे सकता है
- नगर संगठन एवं ग्राम संगठन दोनों में महिला विभाग की नियुक्ति भी अलग से प्रभारी बनाकर करनी चाहिए, वे इस कार्य की चिन्ता और देखरेख अच्छे से कर सकतीं हैं











### PKS 2 में विशेष सम्मान कार्यक्रम

- जिन कार्यकर्ताओं ने फील्ड में अच्छा कार्य किया है, ऐसे 2- 3 नाम संभाग / अंचल समिति निर्णय करके नगर संगठन को प्रेषित करें। उचित होने पर उनका PKS -2 बैठक में सम्मान किया जाने पर विचार करें
- जिसकी SOP संभाग समिति और अंचल समिति के अध्यक्ष बना कर देंगे कि किन बिन्दुओं को देख कर उनके कार्य का विश्लेषण किया गया है

### नगर संगठन व ग्राम संगठन वार्ता हेतु single key Person

- ग्राम संगठन की प्रत्येक समिति में एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिये, जो नगर संगठन से वार्ता करे
- संभाग एवं अचल समिति, नगर संगठन में अपने-अपने अंचल प्रभारी से ही बात करें

# गुणवत्ता

### नियमित बैठक / वर्ग

- फ़ील्ड में नियमित बैठक/वर्ग समय पर होने चाहिए
- सभी वर्गों/बैठकों (SKS, AKS1 & 2, PKS, अन्य) की सूचना सभी समिति और प्रभारियों को भी होनी चाहिए
- महीने में एक बैठक सामूहिक Zoom पर भी सभी की हो, जिससे सभी जानकारी का आदान-प्रदान हो सके
- बैठक के मिनट्स भी सभी को जाने चाहिए
- बैठक और वर्गों में स्थानीय RSS पदाधिकारियों/अन्य विषय प्रमुख को बौद्धिक के लिए बुलाना चाहिए





### विद्यालयों का नियमित संचालन

- विद्यालय का संचालन ठीक प्रकार से एवं नियमित रूप से हो और सभी गतिविधि एकल पाठ्यक्रम के अनुसार होनी चाहिए
- इस विषय में चर्चा से पता लगा कि बहुत से आचार्य एक-दो महीने काम कर के छोड़ देते हैं | इसके लिए आचार्यों की चयन प्रकिया समिति के माध्यम से होनी चाहिए
- आचार्यों का चयन उनके कार्य के प्रति सेवा भाव के आधार पर हो
- आचार्यों का प्रशिक्षण छ: माह के अंतराल में होना चाहिए
- सभी कार्यकर्ता आचार्य स्तर तक सभी सूचना समय से दें, उनको गूगल फार्म, अन्य गतिविधियों के बारे में बताएं
- विद्यालयों का संचालन, गूगल APP, गूगल लोकेशन, GEO TAG फोटो, विडियो कालिंग के माध्यम से ही हो





### व्यवस्थित कार्यालय

- अंचल/संभाग के समिति सदस्यों को कार्यालय में जाना और निरीक्षण करना चाहिए कि कार्यालय व्यवस्थित है या नहीं
- कार्यालय में पूरा सेटअप होना चाहिए (कंप्यूटर, प्रिंटर, इन्टरनेट, फाइल, आवास, बैठक, भोजन व्यवस्था आदि)
- समिति में से एक कार्यालय प्रभारी की नियुक्ति भी होनी चाहिए

### वन-यात्रा

- संभाग / अंचल समिति सदस्यों को भी वनयात्रा करानी चाहिए
- अंचल समिति द्वारा अंचल प्रभारी को अपने क्षेत्र में वनयात्रा के लिए प्रेरित करना चाहिए
- नगर संगठन की समिति को नियमित वनयात्रा करनी चाहिए ताकि विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार हो और ग्राम में जागरूकता आए

### औचक निरीक्षण

- प्रयास किया जाये कि विद्यालय आचार्य के घर में न चला कर गाँव के सार्वजनिक स्थान पर चलाया जाये, जिससे सभी को एकल विद्यालय और उसकी गतिविधियों की जानकारी रहे
- समिति बंधु एवं कार्यकर्ता द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण

### समिति प्रवास व बैठक नियमितता

- अंचल/संच समिति नियमित रूप से ग्राम / विद्यालयों में प्रवास करे
- सभी समिति सदस्यों को अंचल / संच की सभी बैठकों में नियमित रूप से भाग लेना चाहिए और क्रमशः अपने संच और अंचल के कार्यों का निरीक्षण करना चाहिए

### प्रोत्साहन कार्यक्रम

- संभाग / अंचल / संच स्तर पर समय-समय पर प्रोत्साहन कार्यक्रम हों, जिसमें मीडिया को बुलाया जाये, प्रचार प्रसार किया जाये, लोकल अख़बार में एकल की गतिविधियों को प्रकाशित कराना चाहिए
- संभाग / अंचल / संच स्तर पर वार्षिक समन्वय / प्रोत्साहन कार्यक्रमों में केंद्र / चैप्टर प्रभारी भाग लें



### श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी

**चेयरमैन, ट्रस्ट बोर्ड, BLSP**

परिवार समन्वय सम्मेलन बैठक का आयोजन करने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समन्वय बहुत जरुरी है। विद्यालयों का स्वावलंबी होना बहुत जरुरी है, आज 9 संभाग के लोगों ने अलग -अलग ग्रुपों में बैठकर आपसी समन्वय, विद्यालय की गुणवत्ता, समस्याओं और उसके समाधान पर विस्तृत रूप से चर्चा की, मेरी नजर में इससे अच्छा समन्वय और कुछ नही हो सकता है। एकल के लिए यह मील का पत्थर अवश्य साबित होगा।

बंधुओं, जो दानदाता हमसे जुड़े हुए हैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने और उन्हें सही रिपोर्ट भेजने का दायित्व हमारा है। जैसे परिवार के प्रति हमारा दायित्व होता है, ठीक वैसे ही यह देश हमारा परिवार है, इसलिए इसकी जिम्मेदारी हमें उठानी ही पड़ेगी।

श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुई भारत लोक शिक्षा परिषद् की पूरी टीम चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी, संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री बृज मोहन अग्रवाल जी खासकर महिला विभाग की एकल के प्रति सेवा और समर्पण की भावना को देखकर उनकी खूब सराहना की, जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महिला विभाग की उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की प्रधान श्रीमती साधना गुप्ता जी, BLSP एकल युवा विभाग की प्रधान श्रीमती ईशा जैन जी, कोषाध्यक्ष श्रीमती विधि गोयल जी सहित कई अन्य बहनें शामिल थीं। श्री दीप कुमार जी का भी इसमें विशेष योगदान रहा है।



### श्री नरेश कुमार जी

**(ट्रस्टी, BLSP)**


भारत के सर्वांगीण विकास हेतु एकल अभियान निरंतर लगा हुआ है। हमारा लक्ष्य दूर भले ही है परन्तु हमारे हौसलों के आगे बहुत छोटा है। नगर संगठन, ग्राम संगठन और सेवाव्रती कार्यकर्ता तीनों का लक्ष्य एक ही है वो है राष्ट्र का उत्थान। बंधुओं हमें जो दायित्व दिया गया है, उसे हम पूरी निष्ठा के साथ करें, तभी हम अपने लक्षित उद्देश्य को पा सकते हैं।



### डॉ. ललन शर्मा जी

**(केंद्रीय अभियान प्रमुख एकल अभियान)**

संगठन को ऐसे कार्यकर्ताओं की जरुरत है जो अपना शत प्रतिशत योगदान दे सकें, जिससे संगठन के मूल उद्देश्यों को समय से पूर्ण किया जा सके। हमें अपने दायित्व का निर्वहन तन-मन-धन से करना होगा, हमें संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी ताकत लगाने की जरुरत है, तभी हम अपनी सभ्यता, संस्कृति और विरासत को बचा पाने में सफल हो पाएंगे।



### श्री उमाशंकर हलवासिया जी

**(ट्रस्टी)**

**एवं प्रधान, लखनऊ चैप्टर**

एकल विद्यालयों और आचार्यों को इम्प्रूव करना है जिससे हमारे दानदाता संतुष्ट हो सकें। मुझे उम्मीद है कि इस बैठक के बहुत ही अच्छे एवं सकारात्मक परिणाम होंगे। इस प्रकार की समन्वय बैठक आयोजित करने के लिए BLSP की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।


एकल संदेश



## माननीय आलोक कुमार जी

**(मा. सह सरकार्यवाह, आरएसएस एवं संपर्क अधिकारी, एकल अभियान)**

एकल को मजबूत करने के लिए जो यह एक सफल प्रयोग भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा किया गया है, इसके लिए पूरी BLSP टीम को बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
जमीनी कार्यकर्ताओं का नगर एवं ग्राम संगठन के मध्य समन्वय संगठन को बहुत बल देगा और एकल के अन्य संगठन भी इससे प्रेरणा लेकर इसे आगे बढ़ाएंगे । विद्यालय अपना आधार है क्योंकि विद्यालय है तो आरोग्य है, विद्यालय है तो ग्रामोत्थान भी है, विद्यालय है तो संस्कार भी है, विद्यालय है तो जागरण भी है इसीलिए इसकी गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देने की जरुरत है। यह कार्य कठिन जरुर है लेकिन इससे बहुत सकारात्मक परिणाम निकलेंगे।



## श्री नीरज रायजादा जी

**राष्ट्रीय चेयरमैन, BLSP**

राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी ने मंच का संचालन बड़ी ही कुशलतापूर्वक एवं रचनात्मक तरीके से किया, प्रत्येक सत्र के प्रारंभ और समापन पर पीपीटी के माध्यम से समिति और कार्यकर्त्ता बंधुओं को प्रेरित कर कार्यक्रम में जान फूंकते रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें राष्ट्र निर्माण की इस मुहिम में जुड़कर कार्य करने का एक पुनीत अवसर मिला है, इसमें हमें तन मन धन से जुड़कर कार्य करना चाहिए। शिक्षा, सेवा और समर्पण के इस महाकुंभ में आप भी जुड़कर अपने हिस्से की आहुति दें और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनायें।



## श्री अखिल गुप्ता जी

**(राष्ट्रीय प्रधान, BLSP)**

श्री अखिल गुप्ता (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP) ने कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का हृदय की गहराईयों से धन्यवाद किया और कहा कि हमें अंचल समितियों को संच समितियों के साथ प्रवास एवं संपर्क बनाना चाहिए और संच समिति को ग्राम समिति के साथ समन्वय एवं प्रवास करना चाहिए। हमें गांव को स्वावलंबी बनाना है, जिसके लिए हम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहते हैं उन्होंने सबसे अनुरोध करते हुए कहा कि आप स्वयं तन-मन-धन से जुड़कर राष्ट्रनिर्माण के इस पुनीत कार्य में लगें और लोगों को भी जोड़ें। भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित इस बैठक को सफल बनाने के लिए आप सभी बंधुओं का एक बार पुनः आभार एवं धन्यवाद।







## आये हुए अतिथियों का स्वागत -








## दीप प्रज्वलन -








## बहनों द्वारा एकल गीत -







## सत्र बैठक -








## स्वागत एवं सम्मान -








एकल संदेश

## सत्र बैठक -












## योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम -











श्री दीपक जैन जी
प्रधान, अंचल सहारनपुर, P-5



श्री सुरेंदर गोयल जी
प्रधान, अंचल नजीजाबाद, P-5



श्री हरीश बजाज जी
प्रधान, संभाग उत्तराखंड, P-5



श्री ललित धानी जी
प्रधान, अंचल पिथौरागढ़, P-5



श्री तारा सिंह जी
प्रधान अंचल बागेश्वर, उत्तराखंड, P-5



श्री कृष्णा भण्डारी जी
प्रधान अंचल अल्मोड़ा, उत्तराखंड, P-5



श्री संजय बंसल जी
समिति सदस्य अंचल उधमसिंह नगर, उत्तराखंड, P-5



श्री राज कुमार शर्मा जी
प्रधान, बृजमंडल संभाग, P-5



श्री मदन मोहन अग्रवाल जी
उपप्रधान, संभाग, ब्रजमण्डल P-5



श्रीमती सारिका जी
सचिव संभाग, ब्रजमण्डल, P-5



श्रीमती महिमा अरोड़ा जी
कार्यालय प्रभारी, संभाग ब्रजमण्डल, P-5



श्रीमती शारदा हरलालका जी
महिला प्रधान, संभाग ब्रजमण्डल, P-5



श्री उमेश अग्रवाल जी
प्रधान अंचल खटीमा , उत्तराखंड, P-5



श्री शोभित अग्रवाल जी
अंचल अध्यक्ष, बरेली, बृजमंडल, पी-5



श्रीमती गार्गी चौहान जी
प्रधान, प्रभाग- 5



श्री सुभाष जरयाल जी
उप प्रधान, प्रभाग-6



श्री अशोक अत्री जी
प्रधान संभाग, उत्तर हिमाचल, P-6



श्रीमती स्वर्णा वालिया जी
उप प्रधान संभाग, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री अशोक शर्मा जी
प्रधान अंचल भटियाट, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री स्वर्ण सिंह जी
सचिव संभाग, उत्तर हिमाचल, P-6

एकल संदेश



श्री जीत राम जी
प्रधान अंचल बिलासपुर, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री संजय कटोच जी
प्रधान अंचल जय सिंहपुर, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री सुरेश जी
उप प्रधान, अंचल पालमपुर, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री प्रकाश चंद राणा जी
प्रधान अंचल देहरा, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री मनोहर लाल जी
अंचल उप प्रधान, मण्डी, उत्तर हिमाचल, P-6




श्रीमती हेमा वर्मा जी
अंचल उप प्रधान, बंजार, उत्तर हिमाचल, P-6



श्री जगदेव सलारिया जी
अंचल उप प्रधान, नूरपुर, उत्तर हिमाचल, P-6



श्रीमती रेखा देवी जी
अंचल सचिव, भरमौर, उत्तर हिमाचल, P-6



श्रीमती कामनी चोपड़ा जी
समिति सदस्य, जम्मू, P-6



श्री धरिंदर सिंह जी
प्रधान संभाग, जम्मू, P-6



श्री धनवीर सिंह जी
सचिव संभाग, जम्मू, P-6



श्री सिकन्दर ओक्टा जी
प्रधान संभाग, दक्षिण हिमाचल, P-6




श्री भारत राणा जी
उप प्रधान, दक्षिण हिमाचल, P-6



श्रीमती दिशा जी
सचिव,संभाग, दक्षिण हिमाचल, P-6



श्री राकेश जोजनिया जी
बहराईच, चैप्टर सचिव



श्री पंकज गर्ग जी
प्रधान अंचल सहारनपुर ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश, P-5

# ग्राम उदय से भारत उदय

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित ग्राम समिति एवं कार्यकर्ता बंधुओं/भगिनी का सम्मान



# भारत लोक शिक्षा परिषद्, सहारनपुर चैप्टर गठन हेतु बैठक

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा सहारनपुर में नए चैप्टर का शुभारंभ करने के लिए 3 अप्रैल 2024 को संभाग कार्यालय सहारनपुर में बैठक की गई, जिसमें लगभग 35 लोग शामिल हुए।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए चैप्टर के गठन से सम्बंधित सभी विषयों पर चर्चा करना एवं कार्यकारिणी का गठन करके कार्य को सुचारू रूप से संचालित करना था। दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ बैठक की विधिवत शुरुआत की गयी।







इस बैठक में दिल्ली से राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, केंद्रीय सह अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार जी एवं सहारनपुर चैप्टर से श्री अनिल गुप्ता जी, श्री राजेश गुप्ता जी, श्री आशीष अग्रवाल जी, श्री आदेश जिंदल जी, श्री डी.के. बंसल जी, श्री सुनील गुप्ता जी, श्री अनिल तुली जी, एकल अभियान से श्री आशुतोष जी, श्री रंजीत सिंह जी, श्री प्रमोद जी सहित कई अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# एकल नर्सरी स्कूल के नए सत्र- 2024 -25 का शुभारम्भ








एकल नर्सरी स्कूल (यूनिट ऑफ़ रेशनल एजुकेशन सोसायटी) के नए सत्र 2024-25 का सनातन परम्परा के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ औपचारिक शुभारंभ एन एस-15, एफ डी ब्लाक, पीतमपुरा, दिल्ली में 15 अप्रैल 2024 को किया गया, जिसमें 32 बच्चे उपस्थित रहे।

स्कूल का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के शबरी बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित व संस्कारित करना और अपनी गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति से उनको रूबरू कराना है।

# BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा "एकल का राष्ट्र निर्माण में योगदान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन




भारत लोक शिक्षा परिषद्, वाराणसी चैप्टर द्वारा 19 अप्रैल 2024 को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पाणिनि सभागार, जगतगंज, वाराणसी में **"एकल का राष्ट्र निर्माण में योगदान"** कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वाराणसी के प्रतिष्ठित उद्योगपति, शिक्षाविद, दानदाता एवं एकल के कार्यकर्ता सहित लगभग 150 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एकल के उन प्रतिष्ठित दानदाताओं को सम्मानित करना था, जिनके सहयोग से एकल विद्यालयों का संचालन किया जाता है, साथ ही एकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाना, अधिक से अधिक लोगों को एकल से जोड़ना एवं विद्यालय के लिए सहयोग प्राप्त करना था।






**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बिहारी लाल शर्मा (कुलपति, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी )** ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि “राष्ट्र का जो मानचित्र है वह केवल मानचित्र तक ही न रह जाये वह हमारे मन का चित्र बन जाये इस प्रकार का भाव यदि कोई ला सकता है, तो एकल के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा ही ला सकती है।”

**एकल अभियान के प्रणेता माननीय श्याम जी गुप्त** ने अपने संबोधन में कहा कि “देश का जो गरीब और वंचित समाज है, वास्तव में यही देश का भाग्य विधाता है क्योंकि इस देश का जवान, किसान और मजदूर ये सब इन्ही परिवारों से ही आते हैं, इनको प्रेम और स्नेह दो| ये देश के लिए अपने प्राण देने के लिए तैयार रहते हैं। इन परिवारों के स्वावलंबन के लिए आपको आगे आना होगा, तभी हमारा देश वास्तव में सुरक्षित रह सकता है।”



इस कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् सेंट्रल ऑफिस, दिल्ली से राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, वाराणसी चैप्टर के चेयरमैन श्री आर.के. चौधरी जी, प्रधान श्री राजीव अग्रवाल जी, कार्यकारी प्रधान श्री जगदीश झुनझुनवाला जी, महामंत्री श्री राजेश भाटिया जी, उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल जी, श्री दयाशंकर मिश्रा जी, श्री मयंक गुप्ता जी, श्री सर्वेश अग्रवाल जी सहित बड़ी संख्या में बन्धुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, इस कार्यक्रम में सभी ने बहुत उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया और तन-मन-धन से सहयोग करने के लिए कहा।

# BLSP, CSR विभाग की महिला समिति द्वारा एकल विद्यालय की वनयात्रा



**भारत लोक शिक्षा परिषद्, CSR विभाग की महिला समिति का गठन हाल ही में किया गया है, उनको एकल विद्यालय की संचालन प्रणाली, एकल विद्यालय द्वारा हो रहे सामाजिक परिवर्तनों समझाने एवं दिखाने के लिए श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, सीएमए रजनी चावला (चेयरपर्सन), सीए सबीना वासुदेव जी (प्रेसीडेंट) के नेतृत्व में शनिवार, 20 अप्रैल 2024 को गजरौला की वनयात्रा आयोजित की गयी | इस वनयात्रा में कुल 17 लोगों ने भाग लिया |**

वनयात्रा पर गयी सभी बहनों ने संभाग-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो एकल विद्यालयों, अंचल-मुरादाबाद, संच-गजरौला एवं विद्यालय ग्राम चौबारा और बिजौरा में संचालित एकल विद्यालय को देखा और विद्यालय की संचालन प्रणाली को बारीकी से समझने का प्रयास भी किया | बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ उनका अभिनन्दन किया |

एकल विद्यालय के बच्चों ने पहाड़े, बाल गीत सुनाया, खेल-खेल में योगा किया एवं गणित के सवाल भी हल किये | अपने दानदाताओं के प्रति बच्चों का स्नेह और प्यार देखकर हृदय प्रेम भाव से भर गया |



# BLSP, कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा एकल विद्यालय की वनयात्रा



कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा 02 मई 2024 को एकल विद्यालय ग्राम लच्छूपुरवा, संच- रनिया, अंचल-कानपुर, उत्तर प्रदेश में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गयी, जिसमें लगभग 10 बहनों ने भाग लिया। वनयात्रा के दौरान सभी ने बच्चों और गांव के लोगों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई, स्वच्छता और संस्कार के बारे में पूछा, बच्चों ने बालगीत, पहाड़ा, गिनती, चौपाई आदि सुनाया, जिससे सभी लोग बहुत प्रसन्न हुए |

फ्रंटियर एलॉय लिमिटेड के सहयोग से संचालित एकल ऑन व्हील्स कंप्यूटर बस के माध्यम से कंप्यूटर सीखते हुए बच्चों को देखा और उनसे बातचीत की । एकल द्वारा दिए जा रहे डिजिटल शिक्षा को देखकर सभी बहुत प्रभावित हुए।

वनयात्रियों ने बच्चों को पानी की बोतल, बिस्कुट, फ्रूटी, नमकीन उपहार स्वरुप प्रदान किया, जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। बच्चों ने वनयात्रा में आए लोगों को अपने द्वारा बनाए गए स्कूल के अनुभव पत्र (STL/TCL) सभी सदस्यों को भेट किया।



# प्रवास – मेवात (श्रीमती माधुरी अग्रवाल, उप प्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)



**BLSP राष्ट्रीय महिला विभाग की उप प्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी द्वारा** 28 अप्रैल 2024 मेवात में **प्रवास** किया गया। प्रवास का उद्देश्य एकल आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होना, एकल विद्यालय वनयात्रा, समिति सदस्यों एवं आचार्यों के परिवार के साथ स्नेह मिलन और उनका मनोबल बढ़ाना था।

**अनुभव - श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी (उप प्रधान, BLSP राष्ट्रीय महिला विभाग) -**

आदरणीय श्याम जी बाऊजी एवं मंजू दीदी के मार्गदर्शन में जयराम आश्रम, मेवात के संच तावडू व धारूहेड़ा में एक दिवसीय प्रवास किया। कोरोना काल में हमारे एकल के साथ जुड़ी डॉक्टर सुनीता जी और चार बहनें और एक भाई दिल्ली से गए।





सर्वप्रथम संच प्रमुख प्रीति गांव डिगाहेरी के साथ परिवार मिलन रहा। जिसमें उनकी दादी और मां अति प्रसन्न हुई और आस पड़ोस के सभी बच्चे आकर बैठ गए। उन्होंने विषम परिस्थितियों में रहते हुए भी अपने परिवार में चारों बेटियों को उच्च शिक्षा के साथ सुसंस्कृत बनाया है। गांव में जैविक खेती देखी और बाहर से दिखने वाली झोपड़ी भी अंदर से बहुत ही सुंदर सजी हुई थी।

यह हमारी सोच से बाहर था फिर प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचकर आचार्यों से संपर्क किया, अंचल प्रमुख ने उन्हें प्रशिक्षण दिया और सबसे परिचय लेते हुए उन्हें स्नेह देते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना। किस प्रकार सुधार किया जा सकता है इस पर भी चर्चा की। एक आचार्या बिटिया ने बेटी के ऊपर बहुत ही जोश के साथ सुंदर कविता सुनाई।



**अनुभव डॉक्टर सुनीता -**

तावडू एकल विद्यालय दर्शन एक हृदयस्पर्शी अनुभव रहा आचार्यों का प्रेम छात्रों के प्रति उनका स्नेह बच्चों के संस्कारों में झलक रहा था बच्चों के साथ माता पिता और गांव वालों का भी उत्साह देखकर मन प्रसन्न हो गया। साधनों का अभाव और शहर एवं गांव की दूरी वहां जाकर समझ आई। हमारी आचार्या बहनें कई किलोमीटर की दूरी तय करके एकल विद्यालय में पहुंचती हैं, साथ में उनके परिवार वालों का भरोसा और विश्वास भी देखने को मिला जिनमें खूब टैलेंट भरा है। गांव की प्रगति और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए शहर के लोगों को हाथ आगे बढ़ाना होगा।

**"गांव हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें"**

# BLSP, पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा अयोध्या की वनयात्रा




पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा 1 से 3 मई 2024 को अयोध्या में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गई| इस वनयात्रा में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सहित कुल 25 लोगों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया| सभी वनयात्रियों ने अयोध्या के संच-साकेत, एकल विद्यालय ग्राम- प्राणपुर में संचालित एकल विद्यालय को देखा। बच्चों ने बालगीत, पहाड़ा, गिनती, चौपाई आदि सुनाया, जिसे देखकर सभी वनयात्री बहुत प्रसन्न हुए और सबने खूब सराहना भी की।

एकल विद्यालय के बच्चो से वार्तालाप करके सभी ने यह भी महसूस किया कि आचार्या बहन निर्मला जी ने बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही साथ अच्छे संस्कार भी सिखाए हैं। बच्चों को एक-एक स्कूल ड्रेस, कॉपी, पेंसल, फ़ूड पैकेट और ग्रामवासियों को फल उपहार स्वरुप बांटा गया जिसे पाकर सभी बहुत खुश हुए।



इस वनयात्रा में अधिकांश लोग नए थे, जो पहली बार एकल विद्यालय की वनयात्रा पर आये थे उन्होंने जब एकल विद्यालय की संरचना, उसकी संचालन प्रणाली, एकल विद्यालय में दी जा रही पंचमुखी शिक्षा और एकल के माध्यम से गांवों में होने वाले परिवर्तनों को देखा तो वे हैरान हो गये कि इतने कम पैसे में एक विद्यालय के माध्यम से इतना बड़ा कार्य कैसे किया जा सकता है।

# BLSP, कानपुर चैप्टर द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन




भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर द्वारा ग्रामीण बच्चों की कलात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले बच्चों के सम्मान के लिए 18 मई 2024 को स्वरुप नगर, कानपुर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री ध्रुव कुमार रुइया जी (महामंत्री, कानपुर चैप्टर), महिला विभाग की प्रधान डॉ अनुराधा वार्ष्णेय जी एवं कानपुर चैप्टर टीम की उपस्थित में स्वरूप नगर में संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को बहार निकलना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कानपुर चैप्टर ने अंचल कानपुर के 480 गांवों में एक कला प्रतियोगिता की और फिर अलग-अलग चरणों में 12 पेंटिंग को अंतिम रूप दिया और इन 12 पेंटिंग से एकल विद्यालय का पहला कैलेंडर प्रकाशित किया।




इस अवसर पर श्री आर. के. अग्रवाल जी, नेटप्लास्ट प्रा.लि., लोहिया कॉर्प लि., कानपुर प्लास्टीपैक, तिरुबाला ग्रुप, जामा कॉर्पोरेशन लि., फ्रंटियर एलॉय स्टील्स लि., गोल्डी मसाले प्रा. लि., डॉ राव विक्रम सिंह जी, श्री दिलीप केसरवानी जी, श्री मुकेश पालीवाल जी, श्रीमती ममता अवस्थी जी, श्रीमती सविता चावला जी, श्रीमती शिखा वैद जी, श्रीमती इंद्रा कनोडिया जी, श्रीमती मृदुल डालमिया जी, श्रीमती मनीषा शुक्ला जी, श्रीमती वीनू टंडन जी, श्रीमती रचना सिंधवानी जी, श्रीमती माला वैश जी, डॉ पूजा अवस्थी जी, श्रीमती पूजा सिंह जी सहित महिला ग्राम एवं नगर संगठन के कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

# BLSP, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा पालमपुर, हिमाचल प्रदेश की वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद्, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा 28 जून से 1 जुलाई 2024 तक पालमपुर, हिमाचल प्रदेश की वनयात्रा की गयी, जिसमें 22 लोगों ने भाग लिया।

कार्यकर्ताओं ने सभी यात्रियों का फूलमाला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। सभी वनयात्रियों ने मां चिंतपूर्णी देवी, मां ज्वाला देवी, माँ चामुंडा देवी, मां बगलामुखी देवी, माँ ब्रजेश्वरी देवी (काँगड़ा देवी) एवं नंदीकेश्वर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

सभी वनयात्री भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित एकल विद्यालय ग्राम धलूँन, सुनेहड एवं कोठी में संचालित एकल विद्यालयों में पहुंचे। वहां पर ग्राम समिति के सदस्यों व विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ सभी वनयात्रियों का स्वागत किया, सभी ने बच्चो से विद्यालय के बारे में कुछ बातचीत की और होने वाले परिवर्तनों के बारे में जानकारी ली। ग्राम समिति से भी एकल के माध्यम से गांवों में होने वाले परिवर्तनों के बारे में चर्चा की।

यह विद्यालय दानदाता व ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी के सहयोग से संचालित हो रहा है। इस दौरान विडियो कॉल के माध्यम से श्री जिंदल जी को उनके विद्यालय को चलते हुए लाइव दिखाया गया, जिसे देख वे बहुत प्रसन्न हुए और सब को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



इस वनयात्रा से प्रभावित होकर महिला समिति की सदस्या श्रीमती कुमकुम गुप्ता जी और पहली बार वनयात्रा पर आयी सुश्री शालू शर्मा जी ने एक-एक विद्यालय गोद लेने का संकल्प लिया।

नगरोटा बागवान के अंचल कार्यालय में संभाग/अंचल के समिति एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गयी, सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए जिसमें विद्यालय में बच्चो की संख्या बढ़ाने व गुणवत्ता सुधारने, रिपोर्टिंग सिस्टम को मजबूत करने सहित कई प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। दक्षिणी दिल्ली चैप्टर टीम के प्रयास से यह वनयात्रा पूर्ण रूप से सफल हुई जिसमें सर्वाधिक योगदान महामंत्री श्री अशोक अग्रवाल जी का रहा।



**अनुभव कथन –**

**श्री जगमंदर गुप्ता जी (प्रधान, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर, BLSP)**

"यह वनयात्रा मेरे लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा, मंदिरों के श्रद्धापूर्वक दर्शनों के बाद हम एकल विद्यालय को देखने गाँवों में पहुँचे और चार विद्यालयों को हमने देखा। गाँव के लोगों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ हमारा स्वागत किया, जिसे देखकर मन प्रेम भाव से भर गया। एकल विद्यालय के बच्चों में अपनी संस्कृति और और संस्कारों के प्रति लगाव को देखकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई।"




# प्रवास - रामपुर अंचल (सोनल रासीवासिया, प्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)



भारत लोक शिक्षा परिषद् सशक्त भारत के निर्माण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण और स्वावलंबन की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें बहुत बड़ा योगदान महिला विभाग का भी रहता है। राष्ट्रीय महिला विभाग की प्रधान सोनल रासीवासिया जी के नेतृत्व में 15 से 23 जून 2024 तक दिल्ली से 22 लोगों की टीम ने दक्षिण हिमाचल संभाग के रामपुर अंचल का प्रवास किया और जाहू गांव से श्रीखंड महादेव की यात्रा शुरू हुई और वहां पहुंचकर सभी ने भगवान महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्राम समिति ने ड्राई फ्रूट्स की हार पहनाकर और बहनों को धाटू (स्कार्फ) पहनाकर जिस प्रेम भाव से स्वागत किया उसे देखकर सबका ह्रदय प्रेम भाव से भर गया। नगरवासियों एवं ग्रामवासियों का यही आपसी प्रेम संगठन को मजबूती देता है। सभी यात्रियों ने ग्राम समिति एवं एकल के कार्यकर्ताओं से बातचीत की और एकल के माध्यम से होने वाले सामाजिक परिवर्तनों को जानने की कोशिश भी की। वे कार्यकर्त्ता बहनों के परिवारों से भी मिले और उनका हलचाल जाना, जिससे सभी कार्यकर्त्ता बहुत खुश हुए।





**अनुभव -**

**श्रीमती सोनल रासीवासिया जी (प्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)**

"रामपुर अंचल का प्रवास मेरे लिए अविस्मरणीय रहा, ग्राम समिति एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर ऐसे लगा कि मानो हम अपने ही परिवार से मिल रहे हैं, उन्होंने जो आतिथ्य-सत्कार हमें दिया वह कल्पना से परे था। एकल विद्यालय के माध्यम से पंचमुखी शिक्षा का प्रभाव जमीनी स्तर पर देखने को मिला, कार्यकर्ता बंधुओं से बातचीत के दौरान पता चला कि गांव में एकल श्रीहरि रथ मंदिर के आने से लोगों में सनातन धर्म के प्रति आस्था और भी मजबूत हो रही है, यह सब सुनकर और एकल द्वारा होने वाले परिवर्तनों को देखकर मन को बहुत सुकून मिला"

**श्रीमती सीमा मांडा जी (अंचल अभियान प्रमुख, रामपुर) -**

"हम सभी की प्रिय आदरणीय श्रीमती सोनल दीदी जी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, दीदी जी का मातृत्व स्नेह सानिध्य एवं आशीर्वाद पाकर मन हर्षित हो गया। उनके साथ आये सभी भाइयों और बहनों से मिलकर बहुत कुछ सीखने को मिला। सोनल दीदी जी के मार्गदर्शन से पहाड़ की बेटियों का का मनोबल और बढ़ गया।"

इस दौरान सीमा मांडा (अंचल अभियान प्रमुख) श्रीमती लता ठाकुर जी (अंचल प्रशिक्षण प्रमुख), श्रीमती पूजा ठाकुर जी (संच प्रमुख), श्रीमती अंजना शर्मा जी (संच प्रमुख), श्रीमती वीना जत्तु जी (संच प्रमुख), श्री सतपाल गाँधी जी (संभाग सह कार्यालय प्रमुख) सहित नगर एवं ग्राम संगठन के कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# प्रवास – USA (श्री राजीव अग्रवाल जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी उपप्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)



भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल अभियान ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों की शैक्षिणिक और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से सेवारत है। समाज के प्रतिष्ठित शिक्षाप्रेमी समाजसेवी महानुभावों के सहयोग से भारत लोक शिक्षा परिषद् नित नए कीर्तिमान को स्थापित कर रहा है। जिसकी ख्याति भारत में ही नही वरन विदेशों में भी गूंज रही है।

इसी क्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की उपाध्यक्षा श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी रविवार, 23 जून, 2024 को USA में आयोजित ग्राम विकास से संबंधित ग्लोबल विकास ट्रस्ट (GVT) के कार्यक्रम में शामिल हुए, जहाँ पर श्री सुनील अग्रवाल जी, जोनल कोऑर्डिनेटर (मध्य भारत) EGF तथा श्रीमति नीमा गुजर जी, अध्यक्षा सेन होजे, USA से उनकी मुलाकात हुईं।

ग्राम विकास का यह कार्यक्रम एकल के ग्राम एवं किसान विकास प्रोजेक्ट्स को मार्गदर्शित करने में सहायक होगा, जिसके माध्यम से ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन होगा और यह एकल अभियान के सशक्त भारत के निर्माण की संकल्प को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।



ग्लोबल विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं ट्रस्टी, श्री मयंक गांधी जी ने ग्राम विकास एवं किसानों की आय बढ़ाने में उल्लेखनीय कार्य किया है। जिसका परिमाण बहुत सुखद रहा है। टाटा इंस्टिट्यूट आफ सोशल स्टडीज (TISS) ने अपनी इम्पैक्ट स्टडी में निम्नलिखित निष्कर्ष पाया –

किसानों की आय में दस गुना वृद्धि, पाँच करोड़ पेड़ लगाए, 4200 से ज्यादा गाँवों में कार्य, 22000 से ज्यादा किसान परिवार को लाभ मिला है।



एकल अभियान के शिक्षित, स्वास्थ्य, स्वावलंबी एवं सशक्त भारत के निर्माण में ग्लोबल विकास ट्रस्ट की कार्यनीति सहायक सिद्ध हो सकता है जो एकल के लिए निश्चित रूप से लाभकारी सिद्द होगा। श्री राजीव अग्रवाल जी एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी इस कार्यक्रम में शामिल होकर एकल का प्रचार प्रसार किया और और राष्ट्र निर्माण में अप्रतिम योगदान देने वाले किसानों परिवारों के आर्थिक उन्नयन के बारे में जाना और समझा।







उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा दानदाता सम्मान समरोह (5 अप्रैल 2024 पीतमपुरा, दिल्ली)







संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता जी द्वारा एकल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2024 पीतमपुरा, दिल्ली)





पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा उत्तराखंड संभाग के अल्मोड़ा अंचल में समन्वय बैठक (30 जून 2024)







BLSP एकल युवा दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम

# हमारे एकल भामाशाह (अप्रैल – मई – जून 2024)

## महाशतकवीर (1000 एकल विद्यालय)



**Sh. Surender Gandhi Ji**
(Dewan and Sons)



**Sh. Vivek Nagpal Ji**
(Rosmerta Safety Systems Ltd.)

## शतकवीर (100 एकल विद्यालय)

- Sh. Arun Gupta Ji (Jaksons Developers Pvt. Ltd.)
- Sh. Rama Nand Gupta Ji (Revex Plasticisers Pvt. Ltd.)
- Sh. Arun Aggarwal Ji (Calpro Specialities Pvt. Ltd.)
- Dr. Ramesh Gupta Ji (Ramesh And Vinod Kumar Gupta Charitable Trust (EVFI, USA)
- Sh. Yog Raj Arora Ji (Select Infrastructure Pvt. Ltd.)
- Sh. Mahender Aggarwal Ji (Dhanuka Agritech Ltd.)
- Shri Vijay Bansal Ji (Cantabil Retail India Limited)
- Indraprastha Gas Limited

## (10 से 50 एकल विद्यालय)

- Sh. Ankit Aggarwal Ji
- Sh. Rajesh Gupta Ji
  (Multicolor Steels India Pvt. Ltd.)
- Sh. Manish Jain Ji
- Sh. Amit Bhattacharya Ji (Manovikas Trust)
- Suraj Mal Anil Kumar Pvt. Ltd.
- Brij Rama Hospitality Pvt. Ltd.
- Sh. Gaurav Aggarwal Ji
- Rishad Laxmi Organic Industry
- Sh. Anil Jain Ji
- IFCI Infrastructure Devt. Ltd.
- Sh. Jagmandar Gupta Ji
  (Corona Housing Pvt. Ltd.)
- Real Capital Towers Pvt. Ltd.
- Sh. Govind Mundra Ji
  (Anupriya Marketing Ltd.)
- Sh. M.K. Jalan Ji
  (Jama Corporation Pvt. Ltd.)
- Sh. Tarsem Chand Gupta Ji (Crimson Financial Serv. Pvt. Ltd.)

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय

Sh. Abhishek Jain Ji
Sh. Adarsh Goel Ji
Sh. Ajay Agarwal Ji
Sh. Akshit Gupta Ji
Sh. Anil Jhanwar Ji
Sh. Anil Kumar Aggarwal Ji
Sh. Anil Kumar Goel Ji
Sh. Anil Kumar Maheshwari Ji
Sh. Anil Kumar Sharma Ji
Smt. Anita Bansal Ji
Smt. Anjali Kanodia Ji
Sh. Ankit Agrawal Ji
Smt. Anubha Gupta Ji
Smt. Anubha Jain Ji
Smt. Anuradha Mehta Ji
Sh. Anurag Garg Ji
Sh. Anurag Gupta Ji
Smt. Aparna Vij Ji
Sh. Arun Kumar Agrawal Ji
Sh. Ashish Gupta Ji
Sh. Ashok Kumar Rai Ji
Sh. Ashok Kumar Ji
Sh. Ashutosh Bansal Ji
Smt. Ashvarya Gupta Ji
Sh. Atul Jain Ji
Sh. Atul Tandaon Ji
Sh. Ayush Bhatia Ji
B Jain Publishers
Sh. Bal Kishan Paliwal Ji
Sh. Balram Das Taksali Ji
Smt. Beena Tandan Ji
Sh. Bharat Bhushan Arya Ji
Bharat Petroleum Corp. Ltd.
Sh. Bhushan Lal Vohra Ji
Smt. Bindu Mittal Ji
Sh. Bipul Kapoor Ji
Sh. Brij Mohan Gotewala Ji
Captain Ashish Gupta Ji
Sh. Chandrakant Chaturbhuj
Smt. Bhatia Ji
Sh. D.K. Sood Ji
Sh. Deepak Aggarwal Ji
Sh. Deepak Goel Ji
Sh. Deepak Gupta Ji
Dr. D K Sinha Ji
Dr. Gargi Sinha Ji
Dr. Kirti Goel Ji
Dr. Rahul Mohan Ji
Dr. Sunita Sharma Ji
Dr. Ruby Shah Ji
Dr. Uma Tandon Ji
Smt. Drishti Jain Ji
Drolia Handlooms
Sh. Gautam Aggrawal Ji
Sh. Ghanshyam Dass Goel Ji
Sh. Govind Ram Goel Ji
Sh. Govind Prasad Bansal Ji
Sh. Harjeet Pahwa Ji
Sh. Himanshu Jindal Ji
Indian Inks And Chemicals
Smt. Indu Devi Jhunjhunwala Ji
Sh. J.R. Arora Ji
Sh. Jai Bhagwan Goel Ji
Sh. Jai Kumar Garg Ji
Jai Shanker Mill Stores
Sh. Jamna Dass Gupta Ji
Sh. Kanti Lal Gupta Ji
Sh. Kapil Kansal Ji
Sh. Kartik Bhushan Goel Ji
Sh. Kartik Kapoor Ji
Sh. Karun Jain Ji
Smt. Kiran Gupta Ji
Sh. Kishan Gopal Rastogi Ji
Sh. Krishna Maheshwari Ji
Sh. Kunj Bihari Singhal Ji
Sh. Kushagra Kapoor Ji
Smt. Kusum Aggarwal Ji
Sh. Lala Tika Ram Gupta Ji
Mahadev Pra. Dharmarth Trust
Sh. Mahender Kumar Goyal Ji
Sh. Mahesh Kapoor Ji
Sh. Mange Ram Aggarwal Ji
Sh. Maniessh Maheshwari Ji
Sh. Manish Aggarwal Ji
Sh. Manish Goel Ji
Smt. Manju Aggarwal Ji
Sh. Manoj Agarwal Ji
Smt. Manu Gupta Ji
Smt. Meena Goel Ji
Sh. Milind Singla Ji
Sh. Mudit Agarwal Ji
Sh. Mukesh Aggarwal Ji
Sh. Mukesh Kumar Sharma Ji
Smt. Neeta Khemka Ji
Smt. Nehal Boobna Ji
Sh. Nirmal Goel Ji
Smt. Nirmala Garg Ji
Sh. Nitin Agarwal Ji
Smt. Nitu Surana Ji
Sh. Padam Chand Gupta Ji
Sh. Parveen Kumar Jain Ji
Sh. Pawan Kumar Ji
Smt. Pooja Aggarwal Ji
Smt. Poonam Jain Ji
Smt. Prabha Agrawal Ji
Sh. Prabhat Sachedeva Ji
Sh. Pradeep Kumar Gupta Ji
Sh. Pradeep Kumar Sinha Ji
Smt. Pramila Jain Ji
Sh. Pramod Kumar Agarwal Ji
Sh. Pramod Kumar Himmatramka Ji
Sh. Pranav Sutwala Ji
Sh. Prashant Gupta Ji
Sh. Praveen Kumar Gupta Ji
Sh. Prem Manohar Goel Ji
Sh. Prince Verma Ji
Smt. Priyanka Gupta Ji
Smt. Promila Taneja Ji
Sh. Purushottamdas Murlidhar Maru Ji
R A Industries
Sh. Radheshyam Shivprasad Agrawal Ji
Sh. Raj Kumar Kansal Ji
Sh. Rajender Kumar Agarwal Ji
Sh. Rajesh Bhatia Ji
Sh.Pramod Kumar Jindal Ji
Sh. Rajesh Bhatia Ji
Sh. Rajesh Kumar Ji
Sh. Rajinder Kumar Jain Ji
Sh. Rajiv Aggarwal Ji
Sh. Rajiv Jain Ji
Sh. Rakesh Aggarwal Ji
Rakesh Kumar & Sons (Huf)
Sh. Rakesh Kumar Agarwal Ji
Sh. Ram Avtar Garg Ji
Sh. Ram Bilash Goel Ji
Sh. Rama Sutwala Ji
Sh. Ramendra Singh Ji
Sh. Ramesh Aggarwal Ji
Sh. Ravi Bhushan Goel Ji
Smt. Ria Jain Ji
Smt. Ritu Khemka Ji
Roll Tubes Pvt. Ltd
Smt. Rucika Garg Ji
Sh. S K Goel And Sons
Smt. Sangeeta Garg Ji
Sh. Sanjeeva Taksali Ji
Sanjiv Bansal Charitable Trust
Sh. Santosh Gupta Ji
Smt. Sarita Garg Ji
Smt. Saroj Goyal Ji
Sh. Sarvesh Kumar Agrawal Ji
Sh. Satish Chand Gupta Ji
Sh. Satya Parkash Ji
Sh. Shashi Ranjan Ji
Sh. Shiv Kumar Dudeja Ji
Sh. Shiv Kumar Gupta Ji
Sh. Shiv dutt Sharma Ji
Sh. Shubha Ji
Siri In Finlease Pvt.Ltd.
Smt. Sonam Mittal Ji
Sh. Subash Chander Ji
Sh.Subhash Chander Aggarwal Ji
Sh. Sudhir Kumar Govila Ji
Sh. Sudhir Kumar Aggarwal Ji
Sh. Sunil Gupta Ji
Sh. Surender Gupta Ji
Sh. Suresh Chand Garg Ji
Smt. Tanay Tandon Ji
Sh. Tarun Khosla Ji
Sh. Tarun Sethi Ji
Sh. Tilak Raj Dhingra Ji
Smt. Tisha Singhal Ji
Smt. Uma Agarwal Ji
Sh. Umang Gupta Ji
Vandana Jhajharia Found.
Sh. Varun Aggarwal Ji
Sh. Varun Jain Ji
Smt. Veena Arora Ji
Sh. Vijay Arora Ji
Vijay Food Products Pvt. Ltd.
Sh. Vijendra Kumar Gupta Ji
Sh. Vinay Gupta Ji
Sh. Vinit Garg Ji
Sh. Vinod Bansal Ji
Sh. Vinod Kumar Dhawan Ji
Sh. Vipin Gupta Ji
Sh. Virender Chaudhary Ji
Sh. Vishal Singhal Ji
Vista Furnishing Limited
Sh. Vivek Garg Ji
Sh. Vivek Goel Ji
Sh. Yatish Chandra Gupta Ji
Sh. Yogesh Bhuraria Ji
Sh. Yogesh Garg Ji
Sh. Yogesh Tandon Ji
Smt. Yukti Agrawal Ji

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**

**प्रिय पाठक....** एकल प्रणाम

भारत लोक शिक्षा परिषद् ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों के सामाजिक शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से सेवारत है।

हाल ही में भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित 'परिवार समन्वय सम्मेलन' कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम एवं नगर संगठन के मध्य आपसी समन्वय हुआ। जिसके बहुत दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। अंचल समिति और नगर समिति के लोगों के साथ बैठक करके विद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने के लिए सराहनीय प्रयास किया गया।

आप सभी से मेरा निवेदन है कि शिक्षित समाज के इस पुनीत कार्य में जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| तीस एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 9,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |
| भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है। | |

**DONATE NOW**

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**

**Bharat Lok Shiksha Parishad**
**A/C No: 467902050000186**
**Union Bank of India, Shalimar Bagh**
**Delhi**
**IFSC Code: UBIN0546798**

**Only for CSR:**

**Bharat Lok Shiksha Parishad**
**A/C NO : 467902010123677**
**Union Bank Of India, Shalimar Bagh**
**Delhi**
**IFSC code: UBIN0546798**

**आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं,जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।**

For More Info.

**मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल भवन, NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad